सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-562
16/11/2017

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 11वीं बैठक सम्पन्न

पटना, 16 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभाकक्ष में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 11वीं बैठक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में गत बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन प्रतिवेदन पर चर्चा हुई और अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। बिहार आपदा जोखिम न्यूनीकरण रोड मैप (2015–30) के अनुसरण में विभिन्न विभागों/एजेंसियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी। प्राधिकरण की वर्ष 2017 एवं 2018–19 के प्रस्तावित बजट पर भी चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सहज हिंदी भाषा में सामग्रियों को उपलब्ध करायें ताकि आम लोगों को सहूलियत हो। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रशिक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि समय पर सभी इंजीनियर/अधिकारी/कर्मी ट्रेनिंग के लिए जायें। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सूचना एवं जन–संपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डॉयरी में आपदा प्रबंधन संबंधित जानकारी तथा प्राधिकरण द्वारा कराये जाने वाले निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता की प्रविश्टियों के नारों को डॉयरी में मुद्रण कराया जाय। बैठक में बताया गया कि आपदा प्रबंधन विशय को कक्षा 7वीं से 8वी के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार (Safe Saturday) को समाहित कर जनवरी 2018 से बिहार के सभी विद्यालयों में लागू किया जायेगा। साथ ही मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का विस्तार किया जायेगा।

Dr. V. Thiruppugazh, Joint Secretary (Policy & Plans), NDMA ने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बिहार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। NDMA तथा बिहार सरकार साथ मिलकर दो दिवसीय कार्यशाला का प्रस्ताव आयोजित करने के लिये उन्होंने अनुरोध किया। जिसमें DRR रोडमैप को लागू करने में आयी चुनौतियों का अध्ययन तथा Best Practices को अन्य राज्यों के साथ साझा कर उन्हें भी अपना रोडमैप बनाने में बिहार मदद कर सकता है।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री रामनारायण मंडल, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, लघु जल संसाधन मंत्री श्री दिनेश चन्द्र यादव, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री ब्यास जी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदय कान्त मिश्र, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री सुनील कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री

अतीश चन्द्रा, संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******